भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 971
05 दिसंबर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

गैर-कार्यशील एम्स

†971. श्री शत्रुघ्न सिन्हाः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में अठारह प्रतिशत से अधिक एम्स गैर-कार्यशील हैं और यदि हां, तो ऐसे एम्स के नाम क्या हैं जो गैर-कार्यशील हैं; और
(ख) क्या सरकार द्वारा कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है, जिसके भीतर इन गैर-कार्यशील एम्स का कार्य पूरा होने और इनके कार्यशील होने की संभावना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख) प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अंतर्गत, अब तक देश के विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 22 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स) की स्थापना को मंजूरी दी गई है। 22 में से 18 एम्स वर्तमान में कार्यशील हैं और 4 एम्स निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं। एम्स का विवरण **अनुबंध-क** में दिया गया है। परियोजनाओं का पूरा होना राज्य सरकार द्वारा भार-मुक्त भूमि के हस्तांतरण, नियामक मंज़ूरी और स्थल-विशिष्ट मुद्दों सहित विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है।

*****

अनुबंध-क

पीएमएसएसवाई के तहत अनुमोदित एम्स की स्थिति

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	एम्स का स्थान	स्थिति
1	आंध्र प्रदेश	एम्स, मंगलगिरी	कार्यशील
2	असम	एम्स, गुवाहाटी	कार्यशील
3	बिहार	एम्स, दरभंगा	निवेश-पूर्व कार्य प्रगति पर है।
4		एम्स, पटना	कार्यशील
5	छत्तीसगढ	एम्स, रायपुर	कार्यशील
6	गुजरात	एम्स, राजकोट	कार्यशील
7	हरियाणा	एम्स, माजरा (रेवाड़ी)	निर्माणाधीन
8	हिमाचल प्रदेश	एम्स, बिलासपुर	कार्यशील
9	जम्मू और कश्मीर	एम्स, विजयपुर, सांबा, जम्मू	कार्यशील
10		एम्स, अवंतीपोरा, कश्मीर	निर्माणाधीन
11	झारखंड	एम्स, देवघर	कार्यशील
12	मध्य प्रदेश	एम्स, भोपाल	कार्यशील
13	महाराष्ट्र	एम्स, नागपुर	कार्यशील
14	ओडिशा	एम्स, भुवनेश्वर	कार्यशील
15	पंजाब	एम्स, बठिंडा	कार्यशील
16	राजस्थान	एम्स, जोधपुर	कार्यशील
17	तमिलनाडु	एम्स, मदुरै	निर्माणाधीन
18	तेलंगाना	एम्स, बीबीनगर	कार्यशील
19	उत्तर प्रदेश	एम्स, रायबरेली	कार्यशील
20		एम्स, गोरखपुर	कार्यशील
21	उत्तराखंड	एम्स, ऋषिकेश	कार्यशील
22	पश्चिम बंगाल	एम्स, कल्याणी	कार्यशील

*****